O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Half Yearly Examination (2026 – 2027)

Class: X **MM: 50**

Subject: Hindi (002) **Time: 2.00Hrs.**

Name: _____ Class / Section: _____ Roll No.:_____

सामान्य निर्देश–

(1) इस प्रश्न–पत्र में चार खंड हैं– खंड 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'। खंड 'क' में अपठित बोध पर आधारित बहुविकल्पीय व लघूत्तरात्मक और खंड 'ख' में व्यावहारिक व्याकरण संबंधी लघूत्तरात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

(2) खंड 'ग' में पाठ्य–पुस्तक पर आधारित प्रश्न तथा खंड 'घ' में रचनात्मक लेखन संबंधी दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रश्न–पत्र के चारों खंडों में प्रश्नों की संख्या 11 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(3) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

खंड 'क' अपठित बोध (10 अंक)

प्र0 1 निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए– **1X3+1X2=5**

आकार में छोटी, पर प्रभाव में अद्वितीय चींटी, प्रकृति के सबसे संगठित और उद्देश्यपूर्ण प्राणियों में से एक है। भागवतपुराण और कई क्षेत्रीय भारतीय ग्रंथों में चींटियों की परिश्रमशीलता और सहयोग भावना को मानव आचरण का आदर्श बताया गया है। चींटियाँ हमें सिखाती हैं कि नेतृत्व पद से नहीं, बल्कि प्रतिबद्धता, सहयोग और निरंतरता से परिभाषित होता है।

अकेली चींटी असहाय हो सकती है, परंतु समूह में वे असंभव को संभव कर देती हैं। यही सहयोगात्मक नेतृत्व का सार है। एक सच्चा नेता मात्र स्वयं की सफलता की आकांक्षा नहीं रखता, अपितु वह ऐसे तंत्र का निर्माण करता है, जहाँ सभी मिलकर योगदान दें और सभी सफलता प्राप्त करें।

चींटियों का जीवन अत्यंत अनुशासित होता है। बिना बाहरी निगरानी के वे भोजन संचित करती हैं, सुरंगें बनाती हैं और चुनौतियों का सामना करती हैं। चींटी यह सिखाती है कि महान उपलब्धियाँ किसी एक विलक्षण कार्य से नहीं, बल्कि छोटे–छोटे, पर नियमित उद्देश्यपूर्ण प्रयासों से बनती हैं। चींटियाँ ध्यान आकर्षित नहीं करतीं। वे मौन भाव से योगदान देती हैं। यह निष्काम कर्म की भावना का प्रतिबिंब है, यानि बिना फल की आसक्ति से किया गया कर्म। चींटी हमें सिखाती है कि शक्ति आकार से मापी नहीं जाती और ध्वनि से प्रभावित नहीं होती। वे सिद्ध करती हैं कि अनुशासन, विनम्रता, सहयोग और दृष्टि से सबसे छोटा प्राणी भी अपना प्रभाव छोड़ सकता है। आज के तेजी और व्यक्तिवाद से भरे युग में चींटी हमें बताती है कि शांति से किया गया तप और सामूहिक प्रयत्न ही सच्ची संस्कृति का निर्माण करते हैं।

(I) उपर्युक्त गद्यांश किस विषयवस्तु पर आधारित है?

(क) चींटियों के लघु आकार पर **(ख)** चींटियों के प्रेरक जीवन पर

(ग) निष्काम कर्म–भावना पर **(घ)** आदर्श नेता के गुणों पर

(II) कथन– आकार से शक्ति का आकलन नहीं किया जा सकता।

कारण– शक्ति केवल शारीरिक आकार पर निर्भर नहीं करती। मनुष्य की बौद्धिक क्षमता भी शक्ति को प्रभावित करती है।

कूट

(क) कथन गलत है, किंतु कारण सही है।

(ख) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

(ग) कथन और कारण दोनों सही है तथा कारण, कथन की सही व्याख्या है।

(घ) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है।

(III) चींटियों के किस गुण को मानव आचरण का आदर्श बताया गया है?

(अ) सहयोग

(ब) असहाय

(स) परिश्रमशीलता

(द) अनुशासन

कूट

(क) (अ) और (ब) सही हैं।

(ख) (अ), (ब) और (स) सही हैं।

(ग) (अ), (स) और (द) सही हैं।

(घ) केवल (द) सही है।

(IV) चींटी 'निष्काम कर्म' की भावना का प्रतीक है, कैसे?

(V) सहयोगात्मक नेतृत्व क्या है? इसके किसी एक लाभ का उल्लेख कीजिए।

प्र0 2 निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए– 1X3+1X2=5

पंथ पर चलना तुझे तो मुस्कुराकर चल मुसाफिर !
वह मुसाफिर क्या जिसे कुछ शूल ही पथ के थका दें ?
हौसला वह क्या जिसे कुछ मुश्किलें पीछे हटा दें ?
वह प्रगति भी क्या जिसे कुछ रंगीन कलियाँ तितलियाँ
मुस्कुराकर गुनगुनाकर ध्येय पथ, मंज़िल भुला दें ?
जिंदगी की राह पर केवल वही पंथी सफल है,
आँधियों में, बिजलियों में जो रहे अविचल मुसाफिर !
पंथ पर चलना तुझे तो मुस्कुराकर चल मुसाफिर।।

जानता जब तू कि कुछ भी हो तुझे बढ़ना पड़ेगा,
आँधियों से ही न खुद से भी तुझे लड़ना पड़ेगा,

सामने जब तक पड़ा कर्तव्य–पथ तब तक मनुज ओ !
मौत भी आए अगर तो मौत से भिड़ना पड़ेगा,
है अधिक अच्छा यही फिर पंथ पर चल मुस्कुराता,
मुस्कुराती जाए जिससे ज़िंदगी असफल मुसाफिर !
पंथ पर चलना तुझे तो मुस्कुराकर मुसाफिर ।।

(I) कवि किसे मुस्कुराकर चलने के लिए कह रहे हैं?

(क) सफल मुसाफिर को
(ख) असफल मुसाफिर को
(ग) अविचल मुसाफिर को
(घ) साहसी मुसाफिर को

(II) 'वह मुसाफिर क्या जिसे कुछ शूल ही पथ के थका दें?' पंक्ति में 'पथ के शूल' का अर्थ है, उचित विकल्प का चयन कीजिए–

(अ) पथ की बाधाएँ
(ब) पथ की असफलताएँ
(स) पथ की सरलता
(द) पथ की सफलता

कूट

(क) (अ) और (ब) सही हैं।
(ख) (अ), (ब) और (स) सही हैं।
(ग) (अ), (स) और (द) सही हैं।
(घ) केवल (द) सही है।

(III) कथन– मौत भी आए अगर तो मौत से भिड़ना पड़ेगा।
कारण– मनुष्य जब कर्तव्य पथ पर चलता है, तो उसे हर कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ता है।

कूट

(क) कथन गलत है, किंतु कारण सही है।
(ख) कथन और कारण दोनों गलत हैं।
(ग) कथन और कारण दोनों सही है तथा कारण, कथन की सही व्याख्या है।
(घ) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है।

(IV) 'आँधियों से ही न खुद से भी तुझे लड़ना पड़ेगा' पंक्ति से क्या अभिप्राय है?

(V) काव्यांश में प्रयुक्त 'मुस्कुराकर चलने' से क्या आशय है ?

खंड 'ख' व्यावहारिक व्याकरण (10 अंक)

प्र0 3 निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य–भेद' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार पश्नों के उत्तर दीजिए– 1X4=4

I जब कुत्ते भौंकने लगे तब चोर भाग गए। वाक्य को सरल वाक्य में बदलिए।

II प्रधानाचार्य की बातें सुनकर छात्र जोश से भर उठे। वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलिए।

III निराला जी द्वारा रचित कविता सभी को पसंद आई। वाक्य को मिश्र वाक्य में बदलिए।

IV आप नाटक देखने जाएँगे या सिनेमा। वाक्य भेद लिखिए।

V माली ने बच्चों को समझाया कि फूल तोड़ना गलत है। रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए।

प्र0 4 निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 1X3=3

I मज़दूरों ने एक साल में यह पुल तैयार किया। वाक्य को **कर्मवाच्य** में बदलिए।

II इस सर्दी में तो रहा नहीं जाएगा। वाक्य को **कर्तृवाच्य** में बदलिए।

III वह नहीं दौड़ा। वाक्य को **भाववाच्य** में बदलिए।

IV विद्यार्थी परीक्षा के दिनों में खूब पढ़ाई करते हैं। वाक्य का **वाच्य भेद** पहचानकर लिखिए।

प्र0 5 निर्देशानुसार 'पद–परिचय' पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद–परिचय दीजिए– 1X3=3

I सुरभि विद्यालय से अभी–अभी आई है।

II बच्चे खुशी से खेल रहे हैं।

III गांधी जी आजीवन मानवता की सेवा करते रहे।

IV क्या तुमने काम पूरा किया ?

खंड 'ग' पाठ्यपुस्तक (20 अंक)

प्र0 6 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए– 1X4=4

वही पुराना स्वर, वही पुरानी तल्लीनता। घर में पतोहू रो रही है, जिसे गाँव की स्त्रियाँ चुप कराने की कोशिश कर रही हैं। किंतु, बालगोबिन भगत गाए जा रहे हैं। हाँ, गाते–गाते कभी–कभी पतोहू के नज़दीक भी जाते और रोने के बदले उत्सव मनाने को कहते। आत्मा परमात्मा के पास चली गई, विरहिनी अपने प्रेमी से जा मिली, भला इससे बढ़कर आनंद की कौन बात? मैं कभी–कभी सोचता, यह पागल तो नहीं हो गए, किंतु नहीं, वह जो कुछ कह रहे थे उसमें उनका विश्वास बोल रहा था–वह चरम विश्वास, जो हमेशा ही मृत्यु पर विजयी होता आया है। बेटे के क्रिया–कर्म में तूल नहीं किया; पतोहू से ही आग दिलाई उसकी। किंतु ज्यों ही श्राद्ध की अवधि पूरी हो गई, पतोहू के भाई को बुलाकर उसके साथ कर दिया, यह आदेश देते हुए कि इसकी दूसरी शादी कर देना।

I बालगोबिन भगत जी द्वारा किया गया कौन–सा कार्य सामाजिक परंपरा के विरुद्ध था?

(अ) पतोहू से बेटे की चिता को आग दिलाना।

(ब) पतोहू को उसके भाई के साथ मायके भेजना।

(स) बेटे का श्राद्ध विधि–विधान से करना।

(द) बेटे की मृत्यु का उत्सव मनाना।

कूट

(क) (अ) और (ब) सही हैं। (ख) केवल (स) सही है।

(ग) (अ), (ब) और (द) सही हैं। (घ) (ब) और (स) सही हैं।

II 'विरहनी अपने प्रेमी से जा मिली' पंक्ति के अनुसार इस कथन में बालगोबिन भगत के अनुसार 'विरहनी' कौन है ?

(क) परमात्मा (ख) आत्मा

(ग) काया (घ) मृत्यु

III बेटे की मृत्यु के बाद बालगोबिन भगत अपनी पुत्रवधू से क्या अपेक्षा रखते थे?

(क) वह उनकी आजीवन सेवा करे। (ख) वह विधवा का जीवन व्यतीत करे।

(ग) वह कबीर के गीत गाया करे। (घ) वह दोबारा शादी कर ले।

IV कथन (A)– बालगोबिन भगत ने अपने पुत्र को मुखाग्नि देने का कार्य अपनी पुत्रवधू से करवाया।

कारण (R)– बालगोबिन भगत रूढ़िविरोधी और नारी सम्मान के पक्षधर थे।

कूट

(क) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं परंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(ग) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

(घ) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

प्र07 गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 से 40 शब्दों में लिखिए– 2X3=6

I पानवाले के हँसोड़ स्वभाव के साथ–साथ उसके हृदय में संवेदना भी है, कैसे ? 'नेताजी का चश्मा' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

II 'नेताजी का चश्मा' पाठ के कैप्टन को देखकर हालदार साहब को धक्का क्यों लगा ? हालदार साहब के व्यक्तित्व के आधार पर किन्हीं दो कारणों का उल्लेख कीजिए।

III 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर बताइए कि लेखक के ज्ञान चक्षु किस प्रकार खुल गए ?

IV "लेखक की तुलना में नवाब साहब अधिक शिष्ट और सभ्य थे।" 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर उदाहरण सहित लिखिए।

प्र0 8 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए– 1X4=4

मधुप गुन–गुना कर कह जाता कौन कहानी यह अपनी,
मुरझाकर गिर रहीं पत्तियाँ देखो कितनी आज घनी।
इस गंभीर अनंत–नीलिमा में असंख्य जीवन–इतिहास
यह लो, करते ही रहते हैं अपना व्यंग्य–मलिन उपहास
तब भी कहते हो–कह डालूँ दुर्बलता अपनी बीती।
तुम सुनकर सुख पाओगे, देखोगे–यह गागर रीती।
किंतु कहीं ऐसा न हो कि तुम ही खाली करने वाले–
अपने को समझो, मेरा रस ले अपनी भरने वाले।

I 'पत्तियों का मुरझाकर गिरना' किसका प्रतीक है?

(क) जीवन की बाधाओं का (ख) जीवन की अनंतता का
(ग) जीवन की नश्वरता का (घ) जीवन की निश्चितता का

II 'तुम सुनकर सुख पाओगे' पंक्ति में 'तुम' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

(क) मित्रों के लिए (ख) अंतर्मन के लिए
(ग) प्रेयसी के लिए (घ) पाठकों के लिए

III काव्यांश के संदर्भ में 'रीती गागर' से क्या अभिप्राय है?

(क) धन–संपत्ति का अभाव (ख) जीवन में कोई अपना न होना
(ग) सम्मान से रहित जीवन (घ) उपलब्धियों से रहित जीवन

IV कवि ने अपने मित्रों से क्या–क्या सवाल किए हैं? इस प्रश्न के उत्तर के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए।

(अ) क्या तुम मेरे जीवन के खालीपन को देखकर सुखी हो पाओगे?
(ब) कहीं मेरे जीवन का सुख लेकर तो तुमने अपने जीवन को नहीं भर लिया है?
(स) आत्मकथाओं का उपहास उड़ाया जाता है फिर तुम क्यों चाहते हो कि मैं अपनी दुर्बलता लिखूँ।

कूट

(क) (अ) और (ब) सही हैं। (ख) (अ), (ब) और (स) सही हैं।
(ग) (ब) और (स) सही हैं। (घ) केवल (अ) सही है

प्र0 9 पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 से 40 शब्दों में लिखिए– 2X3=6

I गोपियों द्वारा श्री कृष्ण को 'हारिल की लकड़ी' बताने में क्या आशय निहित है ? 'सूरदास के पद' के आधार पर उत्तर लिखिए।

II गोपियों को उद्धव से क्यों कहना पड़ा– 'हरि हैं राजनीति पढ़ि आए।' 'सूरदास के पद' के आधार पर उत्तर लिखिए।

III लक्ष्मण ने परशुराम की अहंकार से भरी हुई बातों को सहने का क्या कारण बताया ? 'राम–लक्ष्मण–परशुराम संवाद' कविता के आधार पर उत्तर लिखिए।

IV लक्ष्मण और श्री राम के वचनों में मुख्य अंतर क्या था ? 'राम–लक्ष्मण–परशुराम संवाद' कविता के आधार पर उत्तर लिखिए।

खंड 'घ' रचनात्मक लेखन (10 अंक)

प्र010 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 100 से 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए– 5X1=5

क	**मोटापा : गंभीर समस्या–**	मोटापा का कारण, मोटापा स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करता है, संभावित समाधान राष्ट्रीय गौरव की रक्षा हेतु हमारा दायित्व
ख	**मधुर वाणी का प्रभाव–**	वाणी की मधुरता का आशय, मधुर वाणी का प्रभाव, मधुर वाणी की आवश्यकता
ग	**मुझे कक्षा प्रतिनिधि (मॉनिटर) बनना क्यों पसंद है?**	नेतृत्व का आनंद, ज़िम्मेदारी का अहसास, अध्यापक/अध्यापिकाओं द्वारा मिलने वाला महत्त्व

प्र011 किसी समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए, जिसमें आपके राज्य में बढ़ती हुई अपराध–वृत्ति की ओर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया हो। 5X1=5

अथवा

आप वत्सल/वत्सला हैं। आपके छोटे भाई ने एक आवासीय विद्यालय में एक मास पूर्व ही प्रवेश लिया है। उसे मित्रों के चुनाव में सावधानी बरतने के लिए समझाते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

———00———